प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

04.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

उम्मीदवार भाग्य

प्रदेश में आज लोकसभा और 6 विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के बाद कुल 62 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला हो रहा है। इनमें से 37 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार विधानसभा के प्रत्याशी हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ने वालों में हमीरपुर से भाजपा के अनुराग ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा मुख्य रूप से आमने–सामने हैं। जबकि मंडी से भाजपा की कंगना रणौत और कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, शिमला से भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी, कांगड़ा से भाजपा के राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा जबकि 6 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनावों में धर्मशाला से भाजपा के सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, कुटलैहड़ से देवेंद्र भुटटो और गगरेट से चैतन्य शर्मा शामिल हैं। वहीं कांग्रेस से धर्मशाला से देवेंद्र सिंह जग्गी, लाहौल स्पीति से अनुराधा, सुजानपुर से रणजीत सिंह राणा, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा, गगरेट से राकेश कालिया और बड़सर से सुभाष चंद शामिल हैं। लाहौल स्पीति विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जहां पर पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा है। हालांकि प्रदेश में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रहा है।

मतगणना

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों के लिए मतगणना जारी है। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। शुरूआती रूझानों के अनुसार अभी तक हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों में भाजपा प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर 12 हजार 7 सौ 30 मतों से आगे चल रहे हैं। जबकि शिमला से भाजपा के सुरेश कश्यप 9 हजार 8 सौ 28 मतों से आगे चल रहे हैं। इसी तरह मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह से करीब 9 हजार 733 मतों से आगे हैं। वहीं कांगड़ा से भाजपा के राजीव भारद्वाज कांग्रेस के

आनंद शर्मा से 25 हजार 1 सौ 56 मतों से आगे चल रहे हैं। विधानसभा उपचुनाव में लाहौल स्पीति से निर्दलीय उम्मीदवार डा रामलाल मारकंडा और धर्मशाला से भाजपा के सुधीर शर्मा अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से आगे चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पड़े वोटों की गिनती के लिए प्रदेश भर में 31 स्थानों पर कुल 74 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती हो रही है। 6 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के मतों की गिनती 6 मतगणना केंद्रों पर जारी है। सुचारू और व्यवस्थित मतगणना के लिए निर्वाचन विभाग ने 3 हजार 140 कर्मियों को लोकसभा चुनाव की मतगणना के कार्य में लगाया है। जबकि 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए 2 सौ 40 कर्मी मतगणना का कार्य कर रहे हैं। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं और 2 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी सुरक्षा का जिम्मा संभाले हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग के अनुसार 4 मतगणना केंद्रों पर केवल डाक मतपत्रों की ही गिनती होगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारियों व जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव परिणामों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वन विभाग के कर्मचारियों को जंगलों की आग पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से कारगर कदम उठाने और दीर्घकालिक उपाय करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कल शिमला में वनों को आग से बचाने के उपायों को लेकर आयोजित विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वनों में आग लगने की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। मुख्यमंत्री ने वनों में आग की घटनाओं को रोकने के प्रयासों में जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि लोगों के सहयोग से वनों में आग लगने की घटनाओं में धीरे–धीरे कमी आ रही है। प्रदेश में इस वर्ष अब तक वनों में आग की एक हज़ार 3 सौ 18 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं में 2 हज़ार 7 सौ 89 हैक्टेयर हरित क्षेत्र सहित कुल 12 हज़ार 7 सौ 18 हैक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने और इससे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए राज्य सरकार अग्निशमन के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित एन.डी.आर.एफ. की एक समर्पित बटालियन गठित करने पर विचार कर रही है।

मौसम

हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में आए बदलाव से कल सांय राज्य के अनेक हिस्सों में वर्षा हुई है। इस वर्षा के बाद लोगों को तपती गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 7 जून तक राज्य में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना जताई है।